सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक- 26.04.2026

#NABBING_THE_NARCOS

- **अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 04 अभियुक्तो को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,**
- **कब्जे से 01 कुंतल 2 किग्रा गांजा (अनुमानित कीमत 25,00000/- रु0), 01 टीयूवी कार, 01 अपाचे मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी की गयी बरामद।**
- **अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एसओजी/सर्विलांस एवं थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही।**

घटना/बरामदगी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 25/26.04.2026 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस एवं थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 04 कार सवार व्यक्ति कचौरा रोड कि तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये कचौरा रोड पर संदिग्ध/व्यक्ति वाहन चैकिंग की जाने लगी। इसी दौरान एक कार आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया तो कार सवार व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये **04 अभियुक्तों को कचौरा रोड स्थित पैराडाइज होटल के पास से गिरफ्तार** किया गया।

नोटः- बरामद 01 टीयूवी कार, 01 मोटरसाइकिल तथा 01 स्कूटी को 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया है।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 01 कुंतल 2 किग्रा गांजा (अनुमानित कीमत 25,00000/- रु0), 01 टीयूवी कार, 01 अपाचे मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी बरामद की गयी। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग गांजे को छोटे-छोटे पैकेटों में रखकर आस-पास के फुटकर व्यापारियों को बेचते हैं।

उक्त बरामदगी के संबंध मे थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 59/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 59/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. शाहरूख पुत्र मुन्ना निवासी पुराना मेवाती मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र करीब 27 वर्ष।**
2. सौरभ यादव पुत्र राम वीर सिंह यादव निवासी नगला अजीत थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 27 वर्ष।**
3. ऋषि यादव पुत्र कोमल सिंह यादव निवासी नगला अजीत थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 22 वर्ष।**
4. भारत सिंह कुशवाहा पुत्र मुन्नु सिंह निवासी बेरीखेडा थाना बकेवर जनपद इटावा **उम्र करीब 36 वर्ष।**

बरामदगीः-

1. 01 कुंतल 2 किग्रा गांजा **(अनुमानित कीमत 25,00000/- रु0)**
2. 01 टीयूवी कार
3. 01 अपाचे मोटरसाइकिल
4. 01 स्कूटी।

पुलिस टीम-

प्रथमटीमः- प्रभारी एसओजी मय टीम/ निरी0 अतुल कुमार सिंह प्रभारी सर्विलान्स, **हे0का0 कुलदीप, हे0का0 दुष्यन्त, हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 अंकित, का0 आनन्द, का0 सुरजीत, का0 अनुज।**

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री कृष्ण कुमार मिश्रा प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 राजेश, उ0नि0 संजय यादव, का0 गोपाल पाठक, का0 दीपक कुमार, का0 अनिकेत, का0 ओमवीर।

नोट- उक्त सराहनीय कार्य में कुशल नेतृत्व प्रदान करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी सैफई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25,000/- रु0 से पुरस्कृत किया गया।